**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग**

**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 800**
**दिनांक 7 फ़रवरी, 2025 को उत्तर देने के लिए**

**एचपीवी टीकाकरण**

**800. श्री प्रद्युत बोरदोलोईः**

क्या स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत और पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) की घटनाओं का विवरण :

(ख) एचपीवी वैक्सीन के संबंध में टीकाकरण के लिए राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह की सिफारिशों का विवरण:

(ग) क्या सरकार राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में एचपीवी वैक्सीन को शामिल करने की योजना बना रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**( श्री प्रतापराव जाधव )**

(क) : वर्तमान में, ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) की देशव्यापी घटनाओं पर ऐसा कोई समेकित डेटा उपलब्ध नहीं है। हालांकि, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने सूचित किया है कि 83.2 प्रतिशत आक्रामक गर्भाशय ग्रीवा कैंसर एचपीवी 16 या 18 के कारण होते हैं। राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम (आईसीएमआर-एनसीआरपी) रिपोर्ट, 2020 के अनुसार, 2019-2023 तक गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के मामलों की अनुमानित संख्या की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार सूची अनुलग्नक- **I** में संलग्न है।

(ख) : टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई) ने सूचित किया है कि 28 जून 2022 को आयोजित 17वीं एनटीएजीआई बैठक में सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) में एचपीवी वैक्सीन को शामिल करने की सिफारिश की गई है।

(ग) और (घ): सार्वभौमिक टीकाकरणकार्यक्रम (यूआईपी) 12 टीका रोकथाम योग्य रोगों (वीपीडी) के खिलाफ 11 टीके प्रदान करता है। हालाँकि एचपीवी टीका सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) का हिस्सा नहीं है ।

''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''

अनुलग्नक ।

| भारत के विभिन्न राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों में कैंसर के मामलों की अनुमानित घटना – गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (ICD10: C53) –(2019-2023) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **राज्य** | **2019** | **2020** | **2021** | **2022** | **2023** |
| जम्मू और कश्मीर | 612 | 632 | 648 | 666 | 684 |
| लद्दाख | 15 | 16 | 16 | 16 | 17 |
| हिमाचल प्रदेश | 461 | 474 | 483 | 495 | 506 |
| पंजाब | 2223 | 2280 | 2339 | 2399 | 2459 |
| चंडीगढ़ | 58 | 58 | 60 | 62 | 63 |
| उत्तरांचल | 594 | 608 | 624 | 639 | 656 |
| हरयाणा | 1486 | 1536 | 1580 | 1630 | 1678 |
| दिल्ली | 1217 | 1259 | 1303 | 1348 | 1394 |
| राजस्थान | 3620 | 3721 | 3822 | 3927 | 4034 |
| उत्तर प्रदेश | 9793 | 10046 | 10301 | 10559 | 10825 |
| बिहार | 4941 | 5073 | 5207 | 5348 | 5489 |
| सिक्किम | 26 | 26 | 27 | 29 | 29 |
| अरुणाचल प्रदेश | 68 | 71 | 74 | 75 | 78 |
| नगालैंड | 114 | 116 | 121 | 124 | 127 |
| मणिपुर | 101 | 103 | 107 | 112 | 117 |
| मिजोरम | 134 | 139 | 143 | 147 | 153 |
| त्रिपुरा | 185 | 191 | 194 | 199 | 204 |
| मेघालय | 109 | 111 | 113 | 117 | 123 |
| असम | 1754 | 1802 | 1851 | 1900 | 1952 |
| पश्चिम बंगाल | 5534 | 5679 | 5823 | 5971 | 6119 |
| झारखंड | 1723 | 1770 | 1821 | 1874 | 1926 |
| उड़ीसा | 2595 | 2656 | 2717 | 2778 | 2844 |
| छत्तीसगढ़ | 1467 | 1507 | 1545 | 1584 | 1626 |
| मध्यप्रदेश | 3934 | 4042 | 4151 | 4264 | 4378 |
| गुजरात | 3637 | 3738 | 3840 | 3943 | 4048 |
| दमन | 9 | 9 | 9 | 10 | 12 |
| दादरा एवं नगर हवेली | 15 | 15 | 15 | 16 | 17 |
| महाराष्ट्र | 6545 | 6708 | 6872 | 7037 | 7207 |
| तेलंगाना | 2466 | 2532 | 2595 | 2665 | 2731 |
| आंध्रप्रदेश | 3713 | 3799 | 3886 | 3973 | 4063 |
| कर्नाटक | 4419 | 4536 | 4657 | 4776 | 4900 |
| गोवा | 101 | 104 | 106 | 107 | 109 |
| लक्षद्वीप | 4 | 4 | 4 | 4 | 6 |
| केरल | 1699 | 1734 | 1771 | 1804 | 1840 |
| तमिलनाडु | 7768 | 7958 | 8144 | 8337 | 8534 |
| पांडिचेरी | 128 | 133 | 138 | 143 | 148 |
| अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 21 | 23 | 23 | 25 | 25 |
| **कुल** | **73289** | **75209** | **77130** | **79103** | **81121** |

**संदर्भ: राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम रिपोर्ट,2020**

*****